**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.02.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**बजट**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का आम बजट पेश किया। ये उनका रिकॉर्ड नौवां बजट है। वित्त मंत्री ने इस मौके पर आज माघ पूर्णिमा और गुरू रविदास जी की जयंती के पावन अवसर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा सुधार और जनहित को प्राथमिकता दी है। बजट में विशेष रूप से क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति संचालित बजट करार दिया। वित्त मंत्री ने बजट में 6 सैक्टर में नई पहलों का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्र में विनर्माण तेज़ करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चैंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना व शहरी आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल है। बजट में विदेश यात्रा पैकेज पर टीडीएस की दर घटाकर 2 प्रतिशत करने, शिक्षा और चिकित्सा उद्देश्यों के लिए उदारीकृत धन प्रेषण योजना पर भी टीडीएस घटाकर 2 प्रतिशत करने, टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए अलग–अलग समय सीमा की घोषणा और कैंसर रोगियों को राहत देने के लिए 17 दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट की घोषणा की गई है। आयकर सीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**एफएम रिपोर्ट**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वर्ष 2026 से वर्ष 2031 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व बंटवारे के लिए 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पेश की। संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच कर राजस्व बंटवारे की सिफारिश करता है। आयोग का गठन समय–समय पर किया जाता है और यह केंद्र, राज्य वित्तीय संबंधों का सुझाव देता है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के बाद लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 भी पेश किया।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आज पेश देश के वर्ष 2026–27 के आम बजट को देशहित का बजट करार दिया है। उन्होंने राष्ट्र के नाम संदेश में कहा कि ये बजट विकसित भारत के सपने का आधार है और बजट में मुद्रा स्फिति को नियंत्रित करने पर ज़ोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी गई है। और भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में एम.एस.एम.ई. को भरपूर समर्थन दिया गया है और ये बजट विकसित भारत के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने बजट को देश के युवाओं के लिए समर्पित और संचालित बजट भी करार दिया।

## गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026–27 सभी क्षेत्रों, वर्गों और नागरिकों को सशक्त बनाएगा। गृह मंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है। गृह मंत्री ने कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना और अगले 25 वर्षों के लिए सरकार के रोड़ मैप को भी दर्शाता है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों, युवाओं और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों पर केंद्रित एक निर्णायक दिशा–निर्देशक प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे समावेशी विकास, नवाचार और पूंजी निवेश की नींव मज़बूत होगी।

## भाजपा

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा आज पेश देश के वर्ष 2026–27 के आम बजट को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट करार दिया है। इन दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आज पार्टी मुख्यालय शिमला में केंद्रीय बजट सुना। भाजपा ने प्रदेशभर में भी ज़िला व मंडल स्तर पर बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया। सोलन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने नेतृत्व में बजट सुना। संदीपनी भारद्वाज ने इस मौके पर कहा कि अखरोट और बादाम व ट्रैकिंग और टूरिज्म के लिए आरंभ की गई योजनाओं से हिमाचल को व्यापक लाभ होगा।

---